कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी

प्रेस-नोट

दिनांक- 20.03.2023

पुलिस कस्टडी से फरार लूट का आरोपी तालिब को थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त काशी जोन व अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन एवं सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के कुशल नेतृत्व में जैतपुरा पुलिस द्वारा दिनांक 19/03/2023 को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 41/22 धारा 392 आईपीसी व मु0अ0सं0 61/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0स0 62/2023 धारा 223/224 आईपीसी से सम्बन्धित पुलिस कस्टडी से फरार अभियुक्त तालिब पुत्र स्व0 असफाक निवासी सीताराम भवन जलालीपुरा चुंगी के पास थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी हालपता- सोफी सहीद की तकिया सरदार समसुद्दीन महतो के घर के पास भाड़े के मकान मे सरैया थाना जैतपुरा वाराणसी को जलालीपुरा क्रासिंग के पास मुगलसराय जाने वाली रोड पर से दिनांक 19.03.2023 को समय 20.00 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञातव्य है कि थाना जैतपुरा पर दिनांक 31.03.2022 को वादी मुकदमा परवेज अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी जे 17/164 डी 3 सी शक्कर तलाब थाना जैतपुरा वाराणसी द्वारा अपने साथ दिनांक 28.03.2022 को सुबह करीब 05.30 बजे हुई मोबाइल लूट की घटना के बाबत तहरीर देकर दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मु0अ0सं0 41/2022 धारा 392 भादवि पंजीकृत कराया था जिसके विवेचना वर्तमान समय में उ0नि0 सुफियान खां चौकी प्रभारी चौकाघाट थाना जैतपुरा द्वारा की जा रही है, घटना ने शामिल अभियुक्त शाबिर पुत्र कलीम अख्तर निवासी ए 35 /193 डी जलालीपुरा व अभियुक्त तालिब तालिब पुत्र स्व0 असफाक निवासी सीताराम भवन जलालीपुरा चुंगी के पास थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी हालपता- सोफी सहीद की तकिया सरदार समसुद्दीन महतो के घर के पास भाड़े के मकान मे सरैया थाना जैतपुरा वाराणसी का नाम प्रकाश में आया, जिसमें घटना में शामिल अभियुक्त शाबिर पूर्व में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है एवं घटना में शामिल अभियुक्त तालिब को दिनांक 16.03.2023 को उ0नि0 सुफियान खां मय हमराहियान के गिरफ्तार कर थाना हवालात दाखिल किया गया। दिनांक 17.03.2023 के प्रातः 08.00 बजे अभियुक्त तालिब उपरोक्त को थाने पर संतरी पहरा पर तैनात आरक्षी सुनील कुमार रावत द्वारा शौच कराने ले जाया गया उसी दौरान अभियुक्त तालिब ने पहरे पर तैनात आरक्षी सुनील कुमार रावत को चकमा देकर फरार हो गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना जैतपुरा पर दिनांक 17.03.2023 को ही रात्रि अधिकारी उ0नि0 पीयूष त्रिपाठी द्वारा लिखित तहरीर देकर आरक्षी सुनील कुमार रावत व फरार अभियुक्त तालिब उपरोक्त के विरुद्ध थाना जैतपुरा पर मु0अ0सं0 62/2023 धारा 223/224 आईपीसी का अभियोग पंजीकृत कराया गया, जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक सिगरा द्वारा की जा रही है। फरार अभियुक्त तालिब उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु मेरे द्वारा मातहत अधिकारी/कर्मचारिगण को निर्देशित किया गया था। जिसके फलस्वरूप प्रभारी निरीक्षक जैतपुरा द्वारा अपनी टीम के साथ मुखबिरी सूचना के आधार पर पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त तालिब उपरोक्त को जलालीपुरा क्रासिंग के पास मुगलसराय जाने वाली रोड

पर से दिनांक 19.03.2023 को समय 20.00 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त का विवरण- तालिब पुत्र स्व0 असफाक निवासी सीताराम भवन जलालीपुरा चुंगी के पास थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी हालपता- सोफी सहीद की तकिया सरदार समसुद्दीन महतो के घर के पास भाड़े के मकान मे सरैया थाना जैतपुरा वाराणसी।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 41/22 धारा 392 आईपीसी थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 61/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0स0 62/2023 धारा 223/224 आईपीसी थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- दिनांक-.19.03.2023, समय 20.00 बजे, स्थान-जलालीपुरा क्रासिंग के पास मुगलसराय जाने वाली रोड।

पूछताछ अभियुक्त-

अभियुक्त ने बताया कि काफी दिन से भाड़े के मकान में इधर- उधर समय समय पर कमरा बदल बदल कर रहता हूं, मैं जो आधार कार्ड बनवाया हूं वह अपने मामा के भाड़े वाले कमरे के पते से बनवाया हूं मैं जानता हूँ कि अगर मैं बन्द हो जाउंगा तो मेरी जमानमत नही होगी क्योकि मेरा कोई स्थाई पता नही है न तो मेरी कोई जमीन जायजात है मै यहां लोगो से चोरी छिनैती करके अपनी आजीविका चला रहा हूं यदि मैं जेल चला जाता तो मेरी जमानत नही हो पाती यही सोचकर मैं थाने पुलिस को चकमा देकर भाग आया था, मै पैसा जुटा रहा था कि यहा से स्थायी रुप से कहीं बाहर भाग जाऊ अभी मैं अपने खाला के घर सैयद राजा जाने के फिराक मे था साधन का इन्तजार कर रहा था कि आप लोग पकड़ लिये है साहब हम्हे माफ कर दीजिये हमसे गलती हो गयी अब हम ऐसी गलती नही करेंगे।

बरामदगी का विवरण- एक अदद 315 बोर का देशी कट्टा व एक अदद जिन्दा 315 बोर का कारतूस।

गिरफ्तार / सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. SHO श्री मथुरा राय मय थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. का0 कपिलदेव कुमार थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 रविकान्त राजपूत थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ.नि. श्री मो0 सुफियाँन खाँ थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. उ0नि0 पीयुष त्रिपाठी थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 विपिन गुप्ता थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 नवीन कुशवाहा थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
कार्यालय पुलिस उपायुक्त
जोन-काशी
कमिश्नरेट वाराणसी।